**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**30.11.2025/प्रादेशिक समाचार/1800बजे**

**मन की बात**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि हाल के कई घटनाक्रम भारत की नई सोच, नवाचार और युवा शक्ति को दर्शाते हैं। आज आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में नरेन्द्र मोदी ने कहा कि यह महीना कई प्रेरणाएं लेकर आया है। उन्होंने कहा कि 26 नवंबर को संविधान दिवस पर संसद के केंद्रीय कक्ष में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रधानमंत्री ने कहा कि वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ की शुरुआत देशव्यापी कार्यक्रमों के साथ हुई। उन्होंने कहा कि इस महीने की 25 तारीख को अयोध्या के राम मंदिर में धर्मध्वजा फहराई गई और उसी दिन कुरुक्षेत्र के ज्योतिसर में पांचजन्य स्मारक का उद्घाटन किया गया।

नरेन्द्र मोदी ने कहा कि भारत ने 35 करोड 7 लाख टन अनाज के उत्पादन के साथ ऐतिहासिक कीर्तिमान स्थापित किया है जो कृषि क्षेत्र में बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि भारत का अनाज उत्पादन पिछले 10 वर्ष में 10 करोड़ टन बढ़ा है।

**कांग्रेस अध्यक्ष**

प्रदेश कांग्रेस के नव नियुक्त अध्यक्ष विनय कुमार ने आज शिमला स्थित प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में अपना पदभार संभाल लिया है। निवर्तमान पार्टी अध्यक्ष प्रतिभा सिंह उन्हें औपचारिक रूप से नए प्रदेश अध्यक्ष की कमान सौंपी। कांग्रेस की प्रदेश प्रभारी रजनी पाटिल, मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू, उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री, मंत्रिमण्डल के सदस्य और पार्टी पदाधिकारी व बड़ी संख्या में कार्यकर्ता समारोह में शामिल रहे। विनय कुमार ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि वे सरकार व संगठन के बीच तालमेल बनाने के लिए कड़ी के रूप में काम करेंगे और उनका लक्ष्य वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को सत्ता में रिपीट करना रहेगा।

**बिंदल**

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने कहा है कि चार दिसम्बर को पार्टी द्वारा धर्मशाला के जोरावर स्टेडियम में राज्य सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस दौरान राज्य सरकार की नाकामियों को उजागर किया जाएगा और रैली में दस हज़ार से अधिक कार्यकर्ता शामिल होंगे। बिंदल ने कहा कि राज्य सरकार 11 दिसम्बर को अपना 3 वर्ष का कार्यकाल पूरा होने पर मण्डी में जश्न मना रही है लेकिन सरकार के पास जश्न मनाने लायक कोई उपलब्धि नहीं है।

**राजेश धर्माणी**

तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने आज बिलासपुर ज़िले के कपाहड़ा स्कूल में एक करोड़ 58 लाख रूपए से बने विज्ञान भवन का लोकार्पण किया। इस मौके पर उन्होंने कलस्टर स्तरीय वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह में मेधावी बच्चों को पुरस्कार भी बांटे। समारोह में 11 स्कूलों के लगभग एक हज़ार 2 सौ विद्यार्थियों ने भाग लिया। राजेश धर्माणी ने बताया कि कपाहड़ा स्कूल को सी.बी.एस.ई. बोर्ड से संबद्ध करने का निर्णय लिया गया है ताकि ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को बेहतर शिक्षा के अवसर प्राप्त हो सकें। उन्होंने कहा कि बच्चों को मंच पर बोलने के अधिक अवसर मिलने चाहिएं ताकि उनकी प्रतिभा निखर सके।

**नमस्कार।**